# Greenlawns School - Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन - 2017 - 2018

कक्षा :- छठीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 28.09.2017 | समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग ( कुल अंक- ४० )

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. मुंबई : मेरा प्यारा शहर

ii. चिड़ियाघर की सैर का वर्णन

iii. यदि मुझे पंख होते तो ............

प्रश्न 2) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

जंगल में तालाब ..... तालाब के किनारे ..... एक चींटी ..... तालाब में गिरना ..... डूबने लगना ..... एक तोते की उस पर नज़र पड़ना ..... पत्ता तोड़कर चींटी के पास डालना ..... चींटी का पत्ते पर चढ़ जाना ..... एक दिन शिकारी का तोते पर निशाना लगाना ..... चींटी का उसे काटना ..... शिकारी का चीखना ...... तोते की जान बच जाना ..... सीख ..... शीर्षक।

प्रश्न 3) निम्नलिखित अर्थग्रहण को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (10)

मैं एक खिलौना हूँ। मेरा नाम गुड़िया है। मेरा जन्म एक कारखाने में हुआ था। प्लास्टिक को गरम करके पिघलाया गया। फिर उसे एक साँचे में डाला गया। ठंडा होने पर मैं एक गुड़िया बन गई। मुझे घाघरा और

---

चोली पहनाए गए । माथे पर बिंदिया लगाई गई । अपने सुन्दर रूप को देखकर मैं झूम उठी । मुझ जैसे और भी कई रंग - बिरंगे खिलौने कारखाने में तैयार किए गए थे ।

एक दिन हम सबको डिब्बे में डालकर एक खिलौनों की दुकान पर पहुँचा दिया गया । दुकानदार ने हमें शीशे की अलमारी में सजा कर रख दिया । इस प्रकार कुछ दिन बीत गए । मैं वहीं अलमारी में अपने अन्य साथियों के साथ सजी रही । एक दिन एक नन्ही-सी बालिका अपनी माँ के साथ दुकान पर आई ।

दुकानदार ने लड़की को कई खिलौने दिखाए पर उसे कोई खिलौना पसंद नहीं आया । अचानक उसकी नज़र मुझ पर पड़ी । वह खुशी से फूली न समाई और झट - से अपनी माँ से बोली , " मुझे यही गुड़िया चाहिए । " मेरा दाम कुछ अधिक था पर माँ ने अपनी बच्ची की खुशी के लिए मुझे खरीद लिया ।

आज बालिका का जन्मदिन था । शाम को जन्मदिन की दावत थी । कई लोग आए । बालिका की बहुत-सी सहेलियाँ भी आईं । उसे जन्मदिन के अवसर पर कई उपहार मिले । एक - एक करके उसने अपने सब उपहार देखे पर मुझे बार - बार देखकर खुश होती रही । मुझे जन्मदिन का केक भी चखाया । बालिका रोज़ स्कूल से आने के बाद मेरे साथ खेलती और मुझे रात को अपने साथ सुलाती । उसकी सहेलियाँ भी मेरे साथ बहुत खेलती थीं । ..... पर रोज़ बच्चों के हाथों में रहकर मैं मैली होने लगी । मेरा रंग - रूप बिगड़ने लगा । आज मेरा एक हाथ टूट गया है । मेरा घाघरा भी फट गया है । बालिका ने मुझे अपने पुराने खिलौनों की टोकरी में डाल दिया है । ..... यदि उसने मुझे ध्यान से रखा होता तो आज भी वह मेरे साथ खेल रही होती ।

प्रश्न :-

i. गुड़िया को कहाँ और कैसे बनाया गया था ? (2)

ii. गुड़िया खुशी से क्यों झूम उठी ? (2)

iii. गुड़िया कहाँ पर किसके साथ सजी रही और वह वहाँ कैसे पहुँची ? (2)

iv. गुड़िया को किसने खरीदा और क्यों ? (2)

v. गुड़िया निराश क्यों हुई ? (2)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए. (2)

1. चालाक    2. नदी

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. ज्येष्ठ    2. स्थूल

iii. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)

1. जिसका मन एक विषय पर लगा हो -
2. जो भूमि उपजाऊ हो -

iv. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव शब्द लिखिए :- (1)

1. विद्युत    2. श्रावण

v. लिंग बदलिए :- (1)

1. रूपवान्    2. विधवा

vi. वचन बदलिए :- (1)

1. फली    2. माला

vii. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (3)
( कोई 2)

1. अंग ढीला होना -    2. अठखेलियाँ सूझना -
3. अंगारों पर लोटना -

viii. भाववाचक संज्ञा लिखिए :- (1)

1. सादा 2. क्रूर

ix. रेखांकित सर्वनाम का भेद पहचानकर लिखिए :- (1)

1. जिसने अपराध किया है, उसे दंड अवश्य मिलेगा ।

x. रेखांकित विशेषण शब्द के भेद पहचानकर लिखिए :- (1)

1. रामू ने दुकानदार से एक कलम और दो किलो चावल खरीदे ।

## विभाग - ब

## साहित्य - विभाग

प्रश्न 5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (15)

i. पन्ना ने किस प्रकार उदयसिंह की रक्षा की ?

ii. सच्चे मित्र के संबंध में रहीमजी ने क्या समझाया है ?

iii. डॉ. विक्रम साराभाई की शिक्षा कैसे हुई ?

iv. वृक्षों से हमें क्या - क्या लाभ हैं ? सविस्तार लिखिए ।

v. पाठ में डॉ. विक्रम साराभाई के किन गुणों का वर्णन किया गया हैं ?

प्रश्न 6) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (4)

i. विक्रम साराभाई ने थुंबा में किसकी स्थापना की ?

ii. उदयसिंह के माता - पिता का नाम बताइए ।

iii. विक्रम साराभाई ने कहाँ से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की ?

iv. बनवीर किसका पुत्र था ?

v. धरती क्या - क्या सहती है ?

प्रश्न 7) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (4)

i. विक्रम साराभाई का जन्म गुजरात प्रदेश के ............. जिले में सन् ................ में हुआ था ।

ii. पन्ना के .................... का .................. गवाह है ।

iii. डॉ. होमी भाभा के शोधकार्यों को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें ' भारतीय ……………….. आयोग ' का अध्यक्ष नियुक्त किया ।

iv. ……………….. में राणा सांगा नामक एक ……………… थे ।

प्रश्न 8) अ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (4)

सींचते ……………………………………

……………………………………………

……………………………………………

……………………………………………

……………………………………………

……………………………………………

…………………………………… कैसे ?

ब) शब्दार्थ लिखिए :- (4)

1. परिणत
2. मद्य
3. पत्तल
4. विशुद्ध
5. बिपत
6. घाम
7. क्रियान्वित
8. विलक्षण

प्रश्न 9) निम्नलिखित सत्य कथन पर (√) और असत्य कथन पर (×) निशान लगाकर गलत वाक्य को सही करके लिखिए । (3)

i. पन्ना धाय को राज्य का प्रबंधक नियुक्त किया गया ।
ii. विज्ञान की शिक्षा में नवीनीकरण तथा नए प्रयोगों के लिए विक्रम साराभाई सतत प्रयत्नशील रहे ।
iii. डॉ. विक्रम साराभाई की उच्च शिक्षा भारत में पूर्ण हुई ।

" मधुकलश "

प्रश्न 10) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :- (6)

1. राणा कक्षा में बेंच पर सिर रखकर क्यों रोने लगा ?
2. लेखिका ने गिल्लू के उपचार के लिए क्या - क्या प्रयत्न किए ?
3. ' राणा जीत गया ' इस पाठ से आपने क्या सीखा ?